उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल

<u>कार्मिक विभाग</u>
मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय
उत्तरमध्य रेलवे, प्रयागराज

पत्र सं.:-940ई/चयन/कर्म.वं क.निरी./35%एलडीसीईकोटा/2024

दिनांक -05/07 /2024

समस्त शाखाधिकारी/प्रयागराज
महाप्रबंधक /कोर/प्रयागराज
अध्यक्ष रेलवे भर्ती बोर्ड,रेल भर्ती प्रकोष्ठ/प्रयागराज
वरि. उप महाप्रबंधक/उ.म.रे/प्रयागराज
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/प्रयागराज
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/उ. रे./कश्मीरी गेट/दिल्ली
उप मुख्य अभियंता/सी.एस.पी./मुख्य परियोजना प्रबंधक/उ.म.रे.
उप मुख्य अभियंता/सेतु /प्रयागराज
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/ प्रयागराज, कानपुर
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी/ उ.म.रे/प्रयागराज
उप मुख्य यातायात प्रबंधक/कानपुर
प्रधानाचार्य/ उत्तर मध्य रेलवे इंटर कॉलेज/ टूंडला
उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज

विषय: - कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक, पे मैट्रिक्स लेवल -6/जीपी-4200/- के **35% LDCE** कोटा के अंतर्गत रिक्त पदों को सभी विभागों (लेखा एवं रेसुब विभाग को छोड़कर) के कर्मचारियों से चयन द्वारा भरे जाने हेतु **आवेदन की तिथि दिनांक 12/07/2024 तक बढ़ाए जाने के संबंध में ।**

---

कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक, पे मैट्रिक्स लेवल-6/जीपी-4200/- के 35% LDCE कोटा के अंतर्गत रिक्त पदों को सभी विभागों (लेखा एवं रेसुब विभाग को छोड़कर) के कर्मचारियों से चयन द्वारा भरे जाने हेतु इस कार्यालय के पत्रांक-940ई/चयन/कर्म.व क.निरी./35%एलडीसीईकोटा/2024, दिनांक 28/03/2024 द्वारा अधिसूचना सभी शाखाधिकारियों को संबोधित करते हुए जारी किया गया था। कुछ रेल कर्मचारियों द्वारा उक्त पद हेतु आवेदन की तिथि बढ़ाए जाने हेतु अभ्यावेदन प्रेषित किया गया था, जिस पर विचार करते हुए सक्षम अधिकारी द्वारा आगामी एक सप्ताह दिनांक-12/07/2024 (शुक्रवार) तक आवेदन करने की तिथि को बढ़ाए जाने हेतु अनुमोदन प्रदान कर दिया है । अतः उक्त कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक, पे मैट्रिक्स लेवल-6/जीपी-4200/- के 35% LDCE कोटा के अंतर्गत रिक्त पदों हेतु आवेदन के लिए अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को यह सूचना व्यापक रूप से प्रचारित - प्रसारित करने की व्यवस्था करें ।

सूचनार्थ सादर प्रेषित ।

5/7/2024
( नितिन सिंह )
सहायक कार्मिक अधिकारी/ट्रैफिक
उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज

प्रतिलिपि:- प्रयागराज मंडल के कर्मचारियों के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु –

1.संबंधित अधीक्षक/ वरिष्ठ अधीनस्थ प्रभारी/ प्रयागराज मंडल
2.सभी मुख्य कार्यालय अधीक्षक/ प्रभारी, कार्मिक विभाग, प्रयागराज
3. सभी संबंधित कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक/ प्रयागराज मंडल
4.मंडल सचिव, एनसीआरईएस /एनसीआरएमयू, प्रयागराज मंडल
5.सचिव अनुसूचित जाति व जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग एसोसियेशन/ प्रयागराज
6. संबंध कार्यालय के मध्य नोटिस बोर्ड हेतु

उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल

**कार्मिक विभाग**
**मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय**
**उत्तरमध्य रेलवे, प्रयागराज**

पत्र सं.:-940ई/चयन/कर्म.व क.निरी./35%एलडीसीईकोटा/2024 दिनांक -28/03/2024

**अधिसूचना**

समस्त शाखाधिकारी/प्रयागराज
महाप्रबंधक /कोर/प्रयागराज
अध्यक्ष रेलवे भर्ती बोर्ड,रेल भर्ती प्रकोष्ठ/प्रयागराज
वरि. उप महाप्रबंधक/उ.म.रे/प्रयागराज
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/प्रयागराज
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/उ. रे./कश्मीरी गेट/दिल्ली
उप मुख्य अभियंता/सी.एस.पी./मुख्य परियोजना प्रबंधक/उ.म.रे.
उप मुख्य अभियंता/सेतु /प्रयागराज
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/ प्रयागराज, कानपुर
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी/ उ.म.रे/प्रयागराज
उप मुख्य यातायात प्रबंधक/कानपुर
प्रधानाचार्य/ उत्तर मध्य रेलवे इंटर कॉलेज/ टूंडला
उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज

विषय: - कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक, पे मैट्रिक्स लेवल -6/जीपी-4200/- के 35% LDCE कोटा के अंतर्गत रिक्त पदों को सभी विभागों (लेखा एवं रेसुब विभाग को छोड़कर) के कर्मचारियों से चयन द्वारा भरे जाने हेतु अधिसूचना।

---

रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या E(NG)1-2002/PM4/1, dt.12/07/2002 में दिए गए प्रावधान के अनुसार उक्त संबंध में यह विनिश्चय किया गया है कि 35% LDCE कोटा के अंतर्गत कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक, पे मैट्रिक्स लेवल -6/जीपी-4200/- के रिक्त पदों को सभी विभागों के पात्र कर्मचारियों (लेखा एवं रेसुब विभाग को छोड़कर) से चयन परीक्षा के माध्यम से भरा जाए।

2. कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक, पे मैट्रिक्स लेवल-6/जीपी- 4200/- चयन हेतु 35% LDCE कोटा की रिक्तियां आरक्षण अनुसार निम्नलिखित है: –

| | सामान्य | अनु० जाति | अनु० जनजाति | कुल |
|---|---|---|---|---|
| कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक, पे मैट्रिक्स लेवल- 6 35% LDCE कोटा की कुल रिक्तियां | 06 | 01 | निल | 07 |

3. कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक, पे मैट्रिक्स लेवल-6/जीपी- 4200/- के पद हेतु चयन प्रक्रिया में सभी विभागों (लेखा एवं रेसुब विभाग को छोड़कर) के निम्नलिखित कर्मचारी स्वैच्छिक रूप से आवेदन करने के लिए पात्र होंगे:-

(A) ऐसे समूह ग कर्मचारी, जो पे मैट्रिक्स लेवल, सेवा-अवधि एवं अन्य शैक्षिक योग्यताओं के निरपेक्ष निम्नलिखित में से कोई एक योग्यता रखते हों -

(i) श्रमिक कल्याण/ समाज कल्याण में डिप्लोमा,
(ii) श्रम कानूनों में डिप्लोमा,
(iii) श्रम कानून के पेपरों सहित विधि स्नातक,
(iv) भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से कार्मिक प्रबंधन में स्नातकोत्तर/परास्नातक डिप्लोमा,
(v) भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से कार्मिक प्रबंधन के पेपरों सहित प्रबंधन में स्नातकोत्तर (MBA) हो,

पूर्ण कर लिया हो तथा कोई भी कर्मचारी पे मैट्रिक्स लेवल- 6 या उच्च पे लेवल में कार्यरत न हो।

(B) ऐसे कर्मचारी जो पे मैट्रिक्स लेवल-1 में कार्यरत हैं और कम से कम 07 वर्षों की सेवा लेवल-1 में पूरी कर ली हो और उपरोक्त मद संख्या 3 (A) में वर्णित कोई एक शैक्षिक योग्यता रखता हो।

(C) ऐसे कर्मचारी जो कर्मचारी कल्याण निरीक्षक पद के निचले पे लेवल- 5 तथा लेवल- 4 में 05 वर्षों की सेवा संबंधित पे लेवल में पूर्ण कर ली हो, जहां सामान्य पदोन्नति में पे लेवल उपलब्ध न हो, अन्यथा दोनों पे लेवल-5 तथा 4 में 5 वर्षों की सेवा पूर्ण कर लिया हो, पात्र होंगे।

(D) ऐसे कर्मचारी जो पे लेवल- 5 और लेवल- 4 में कार्यरत होने के साथ-साथ स्नातक हैं, उनके मामले में लेवल-5 और लेवल-4 में सेवा अवधि की बाध्यता नहीं होगी, बशर्ते संबंधित कर्मचारी ने संबंधित पे लेवल में सफलतापूर्वक परिवीक्षा अवधि पूर्ण कर लिया हो।

(E) ऐसे कर्मचारी जो कर्मचारी कल्याण निरीक्षक पद के निचले पे लेवल- 3 तथा लेवल- 2 में 7 वर्षों की सेवा संबंधित पे मैट्रिक्स लेवल में पूर्ण कर ली हो, जहां सामान्य उन्नति में पे मैट्रिक्स लेवल उपलब्ध न हो, अन्यथा दोनों पे मैट्रिक्स लेवल-3 तथा लेवल -2 में मिलाकर कुल 7 वर्षों की सेवा पूर्ण कर लिया हो।

4. अभ्यर्थी द्वारा मुक्त विश्वविद्यालय से डिग्री/पी.जी. डिग्री के मामले में उनकी योग्यता का मूल्यांकन RBE No. 116/2013 और RBE No. 22/2015 के निर्देशानुसार होगा। अभ्यर्थी को अपने सभी प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियाँ संलग्न करनी होगी, जिसमें शैक्षिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य संबंधित प्रमाण पत्र और उनकी शैक्षिक योग्यता सेवा-पुस्तिका में भी उपलब्ध होनी चाहिए।

5. रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या E(NG)1-2005/PM-1/52, dt.22/08/2006(RBE No. 117/2006) में दिए गए प्रावधान के अनुसार सभी सेवा शर्तों की, जैसाकि योग्यता मानदंड पैरा 3(A) से 3 (E ) में वर्णित किया गया है, अधिसूचना की तिथि से गणना की जाएगी।

6. इस अधिसूचना के प्रत्युत्तर में जो भी कर्मचारी आवेदन करते हैं और दी गई शर्तों को संतुष्ट करते हैं, वे चयन प्रक्रिया में सम्मिलित होने के पात्र होंगे, जो लिखित परीक्षा तथा सेवा अभिलेखों के मूल्यांकन के द्वारा किया जाएगा। पैनल रेलवे बोर्ड के निर्देशों के अनुरूप तैयार किया जाएगा।

7. इच्छुक कर्मचारियों को अधिसूचना में संलग्न प्रारूप में आवेदन फार्म जमा करना होगा और जो कर्मचारी दी गई शर्तों को पूरा करते होंगे, उनके आवेदन पत्र इस कार्यालय को उनकी योग्यता शर्तों की जांच एवं सत्यापन हेतु भेजे जाएंगे और प्रत्येक आवेदन व सेवा-विवरण की सत्यता की जांच की जाएगी। जो आवेदन बिना सत्यापन अथवा विवरणों की सत्यता की जांच के इस कार्यालय में भेजे/अग्रसारित किए जाएंगे, उन पर विचार नहीं किया जाएगा।

8. चयन प्रक्रिया पूर्ण करने में मुख्य परीक्षा के अतिरिक्त किसी भी प्रकार की पूरक परीक्षा का आयोजन नहीं किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन के प्रयागराज मंडल के किसी भी स्टेशन पर नियुक्त किया जा सकता है और इस पद पर रहते हुए समय-समय पर यात्रा करना और अधिकारियों के साथ दौरे पर जाने जैसी ड्यूटी का निर्वहन करना होगा। ऐसे कर्मचारी जो अपने मुख्यालय से इतर नियुक्ति हेतु अनिच्छुक हों, कृपया आवेदन न करें।

9. आवेदन को अग्रसारित करने से पूर्व संवर्ग नियंत्रक अधिकारी को उपलब्ध रिकॉर्ड से जांच एवं सत्यापन कर लेना चाहिए कि अभ्यर्थी पैरा 3(A) में से 3 (E ) में दी गई योग्यता शर्तों को पूरा करते हैं। इसके अभाव में आवेदनों को सीधे अस्वीकार कर दिया जाएगा।

10. चयन प्रक्रिया लिखित परीक्षा के माध्यम से होगी, जैसा कि रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या E(NG)1-2018/PM1/4, dt.-14/12/2018, 14/06/2019 and 14/11/2019 (RBE No. 196/2018, 97/2019 & 194/2019) में उल्लिखित है। लिखित परीक्षा का प्रश्न पत्र 100% वस्तुनिष्ठ प्रकार का एवं बहुविकल्पीय प्रश्नों वाला होगा और कुल पूर्णांक का 10% प्रश्न राजभाषा अधिनियम एवं नियमों से संबंधित होंगे (जो कि वैकल्पिक होंगे)। परीक्षा OMR शीट/CBT Mode में होगी। गलत उत्तरों के लिए ऋणात्मक अंक (Negative Marks) प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 अंक काटा जाएगा OMR शीट पर किसी भी प्रकार की कटिंग, ओवर राइटिंग, मिटाना अथवा उत्तर बदलने की अनुमति नहीं होगी। उन उत्तरों के लिए शून्य अंक प्रदान किए जाएंगे, जिनमें परिवर्तन अथवा ओवर राइटिंग की गई होगी।

11.योग्य उम्मीदवार संलग्न आवेदन प्रोफार्मा के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र पूरी तरह से भरा एवं सभी आवश्यक प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति के साथ दिनांक 23/04/2024 तक संबंधित अधीक्षक/वरिष्ठ अधीनस्थ प्रभारी को अवश्य जमा कर दें। 2

12. संबंधित अधीक्षक/वरिष्ठ अधीनस्थ प्रभारी दिनांक 23/04/2024 तक प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को जांच कर और पात्रता/योग्यता का सत्यापन कर अपने नियंत्रक अधिकारियों से प्रति हस्ताक्षरित कराकर पात्र आवेदकों के आवेदन पत्रों को सूचीबद्ध करके अग्रेषित करेंगे। सूचीबद्ध आवेदन पत्रों को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/ कार्मिक विभाग/ ई प्रशासन अनुभाग, प्रयागराज को दिनांक- 29/04/2024 को 18:00 तक अवश्य जमा करायें। निर्धारित तिथि के पश्चात अथवा बिना अग्रसारित सीधे आवेदन पत्र प्राप्त नहीं किए जाएंगे। आवेदन के परीक्षण पर अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण आवेदन अस्वीकृत कर दिए जाएंगे।

13. महत्वपूर्ण निर्देश:–

1. आवेदन करने वाले कर्मचारियों को निर्देश है कि वे अपने आवेदन-पत्र के साथ जन्म प्रमाण-पत्र, शैक्षिक योग्यता एवं जाति प्रमाण की स्वप्रमाणित छायाप्रति अवश्य संलग्न करें एवं साथ में, आवेदन पत्र पर संलग्न फोटो को अपने नियंत्रक अधिकारी से प्रमाणित करवाएं।
2. सीधे प्राप्त आवेदन पत्र प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियों के बिना अपूर्ण आवेदन या जो आवेदन पत्र अपेक्षित शर्तों को पूरा नहीं करते, उन पर विचार नहीं किया जाएगा ।
3. यदि आपके नियंत्रण में कार्यरत कर्मचारी प्रतिनियुक्ति, अस्थाई आधार पर स्थानांतरण आदि पर हैं, तो उसे भी इस अधिसूचना के संबंध में सूचित किया जाना चाहिए ।
4. संबंधित नियंत्रक पर्यवेक्षक के अधीन यदि कोई पात्र कर्मचारी अवकाश/सिक पर चल रहे हो, तो पात्र कर्मचारियों को अधिसूचना के संदर्भ में सूचित करने की व्यवस्था करें ।
5. उक्त अधिसूचना का विस्तृत प्रचार-प्रसार एवं अनुपालन सुनिश्चित करें।
6. यदि आवेदकों को उनके आवेदनों की जांच के बाद पात्र पाया जाता है, तो उन्हें अल्प सूचना पर लिखित परीक्षा में उपस्थित होने के लिए तैयार रहना चाहिए।

35% LDCE पदोन्नति कोटा के द्वारा कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक (लेवल- 6) पद हेतु आवेदन करने की समय-सीमा निम्नवत हैः-

| आवेदन पत्र सम्बंधित पर्यवेक्षक के अधीन जमा करने की तिथि | कार्मिक विभाग में आवेदन पत्र जमा करने की तिथि | पात्रता सूची जारी करने की तिथि |
|---|---|---|
| 23/04/2024 | 29/04/2024 | 07/05/2024 |

नोटः- 1.यदि उपरोक्त निर्देशों में से अतिरिक्त किसी प्रकार के नए दिशानिर्देशों को रेलवे बोर्ड या मुख्यालय द्वारा बाद की तारीख में संशोधित/अलर्ट किया जाता है, तो प्रशासन के पास उपरोक्त अधिसूचित निर्देशों को प्रभावी बनाने की सीमा तक संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है।

2. चयन की किसी स्तर पर आवेदक की पात्रता संबंधी कोई भी त्रुटि पाई जाती है तो उनकी पात्रता को निरस्त कर दिया जाएगा।

संलग्नक -आवेदन पत्र का प्रारूप

28/3/2024

( नितिन सिंह )
सहायक कार्मिक अधिकारी/ट्रैफिक
उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज

प्रतिलिपि:- प्रयागराज मंडल के कर्मचारियों के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु –

1.संबंधित अधीक्षक/ वरिष्ठ अधीनस्थ प्रभारी/ प्रयागराज मंडल
2.सभी मुख्य कार्यालय अधीक्षक/ प्रभारी, कार्मिक विभाग, प्रयागराज
3. सभी संबंधित कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक/ प्रयागराज मंडल
4.मंडल सचिव, एनसीआरईएस /एनसीआरएमयू, प्रयागराज मंडल
5.सचिव अनुसूचित जाति व जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग एसोसियेशन/ प्रयागराज
6. मंडल कार्यालय के समस्त नोटिस बोर्ड हेतु

# PROFORMA

**Application for the post of Staff &Welfare Inspector, Pay Level-06, under 35% all departments** (Except Accounts and RPF) **LDCE quota in_Prayagraj Division**

Please paste (Not Older than one month) passport size photograph (Photo should be attested by the Controlling Officer)

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | Name of the Employee :- | |
| **2.** | Father's Name :- | |
| **3.** | Date of Birth :- | |
| **4.** | Employee No./PF No. :- | |
| **5.** | **Initially appointed as (Post/Desig.) :-** | |
| a. | Pay Matrix Level :- | |
| b. | Date of initial appointment :- | |
| c. | Date of completion of training :- | |
| d. | Date of regular appointment :- | |
| e. | Total service completed on 27.03.2024 | |
| f. | Working Office/Station :- | |
| g. | Department :- | |
| **6.** | **On Promotion (Post/Desig.) :-** | |
| a. | Pay Matrix Level :- | |
| b. | Date of initial appointment :- | |
| c. | Date of completion of training :- | |
| d. | Date of regular appointment :- | |
| e. | Total service completed on 27.03.2024 | |
| f. | Working Office/Station :- | |
| g. | Department :- | |
| **7.** | **Post on Transfer/Med. decategorised** | |
| a. | Pay Matrix Level :- | |
| b. | Date of joining on New Unit | |
| c. | Working Office/Station :- | |
| d. | Department :- | |

8.Education Qualification (enclose certificates) :-

| S.N. | Academic | Qualification | University/Board | Year Of Passing |
|---|---|---|---|---|
| I | SSC/X/Matric | | | |
| ii | Higher Secondary/XII/Inter | | | |
| iii | Graduation | | | |
| iv | Post Graduation | | | |
| v | Degree/Diploma | | | |
| vi | Other's Education at Qualification for fulfilling eligibility criteria. | | | |

| | | |
|---|---|---|
| **9.** | Community to which belongs to :- | |
| **10.** | Applicant is eligible to volunteer under which para of Notification :- (3-A, 3-B, 3-C, 3-D or 3-E) | |
| **11.** | Candidate's Contact Number :- | |

**Declaration of the candidate:-**

I hereby declare that the above particulars furnished by me are true and correct to the best of my knowledge and belief. I am eligible under Para 3( ). If any of the details are found incorrect, My candidature shall liable to be cancelled at any stage during pendency of the above selection.

I am willing to take up assignment of staff and welfare Inspector anywhere in the Prayagraj Division, North Central Railway and I will not ask for repatriation to my parent cadre.

**Place:-**

**Date:-**

**Signature of the candidate in Hindi** **Signature of the candidate in English**

**Forwarded by Controlling Officer**
**With Office seal & date**

**Forwarded by Sr. Supervisor**
**With Office seal & date**

It is hereby certified that the contents of above named application have been verified from his/her Service Register and Other available records that employee fulfills the eligibility conditions as stipulated in **Para 3 (** **)** of the Notification and is eligible to volunteer for S&WI selection in all respects.

**Ch.OS Cadre/Establishment OS**
**With office seal & date**

**Signature of Personnel/ Establishment Officer**
**(with officer seal & date)**